प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालो को दी श्रद्धांजलि : कहा– भारत, सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें देगा सख्त सजा।
2. जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा मारे गये कानपुर के शुभम द्विवेदी का आज राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों से मुलाकात कर दी सांत्वना।
3. कल आएगा यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्टः दोपहर साढ़े बारह बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे परिणाम।

और

4. प्रदेश में अगले तीन दिनों के लिये लू का यलो अलर्ट जारी : अधिकतम तापमान में होगी बढ़ोत्तरी, कई जिलों में स्कूलों का बदला समय।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि

आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालगा। श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। बाइट...

*ये हमला सिर्फ निहते पर्यटकों पर नहीं हुआ है। के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया। मैं बहुत शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुशी जमीन को भी मिट्टी समय आ गया है। सौ चालीस करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति अब आतंकी आकाओं की कमाई।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा देश दुख में है और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

————————

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी का आज ड्योढ़ी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभम के घर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शुभम के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बात करते हुए श्री योगी ने कहा कि पहलगाम में घटी आतंकी घटना क्रूर, वीभत्स और कायराना है। उन्होंने मृतक के

परिवार समेत पूरे प्रदेश और देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि यह सरकार आतंकी और उग्रवादी घटनाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है।

बाइट...

*और ये सरकार इस प्रकार की किसी भी बर्बर और अमानवीय आतंकी घटना को लेकर उग्रवादी घटना को लेकर के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करना जानती है पूरी सख्ती से ऐसे तत्वों के विषले फनों को कुचलने का कार्य होगा जिन लोगों ने आतंकी घटना को अंजाम दिया है या इस साजिश का हिस्सा बने है। यह जीरो टॉलरेंस की नीति देखने को मिलेगी और हर व्यक्ति इस घटना के जो परिणाम सामने आएँगे उसको भी देखेगा।*

शुभम का शव कल देर रात कानपुर पहुंचा था। 28 वर्षीय शुभम पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। दो महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी।

———————

पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन परिसर में जारी है। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, भाजपा अध्यैक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत अन्य पार्टियों के नेता भी बैठक में मौजूद हैं।

———————

पाकिस्तान में भारत के पूर्व राजदूत प्रभु दयाल ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार के कड़े निर्णयों से पाकिस्तान बुरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने

कहा कि सिंधु नदी जल संधि को स्थगित करने से पाकिस्तान की कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव होगा।

*पाकिस्तान का एग्रीकल्चर डिपेंडेंट है इन्डस वॉटर पे, उसकी जो ट्रिब्यूट्रिज़ हैं झेलम, चिनाब, रावी, व्यास सतलुज उनसे जो पानी जाता है। तो अगर वो पानी रूकेगा, तो वहां पर एग्रीकल्चर को बड़ा नुकसान होगा, तो पाकिस्तान जरूर परेशान होगा इस बात से, भारत सरकार ये कदम उठा रही है।*

——————————

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आज भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। लखनऊ में मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का पुतला दहन किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद मुरादाबाद इकाई ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर आतंकी घटना में शामिल आतंकवादियों पर कड़ी कारवाई की मांग की। अमरोहा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पुतला फूंका। वाराणसी में विशाल भारत संस्थान की युवा परिषद ने जिला मुख्यालय पर पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

——————————

माध्यमिक शिक्षा परिषद, यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम कल दोपहर साढ़े बारह बजे घोषित किया जाएगा। परिणाम माध्यमिक शिक्षा परिषद

**की वेबसाइट www.upmsp.edu.in तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट www.results.digilocker.gov.in पर देखा जा सकेगा। ये जानकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने दी।**

---

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

---

**प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कौशल विकास के ज़रिए युवाओं को रोजगार देने के मिशन पर काम कर रही है। वर्ष 2027 तक करीब 30 हज़ार युवाओं को सोलर एनर्जी सेक्टर में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस क्षेत्र में युवाओं को रोज़गार देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती मांग से इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, सोलर*

*पैनल मेंटेनेंस इंजीनियर, साइट सुपरवाइजर जैसे कई तकनीकी पदों पर युवाओं को रोजगार मिलेगा। यूपी नेडा, राष्ट्रीय लघु उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान और स्किल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री ने सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 1800 लोगों को प्रशिक्षण दिया है। इसके अलावा सूर्य मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम, सौर शॉप्स योजना और सूर्य सखी योजना भी संचालित की जा रही है। इनके माध्यम से न सिर्फ युवाओं को बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई और आधुनिक ओपन सरफेस पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इस पार्किंग का निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन मोड के तहत होगा। 475 वाहनों की क्षमता वाली यह पार्किंग मांझा जमथरा के समीप सरकारी भूमि के 35 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी।

——————————

मौसम विज्ञान विभाग ने आज से चार दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही सत्ताईस अप्रैल से उन्तीस अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी इलाको में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। विभाग के मुताबिक आज से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरो की संभावना है, हांलाकि इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी दर्ज

की जाएगी। इस बीच, लखनऊ, शामली और पीलीभीत समेत कुछ अन्य जिलों में सभी स्कूलों में आठवीं तक के छात्रों के लिए समय में बदलाव किया गया है। इन कक्षाओं का संचालन सुबह साढ़े सात से दोपहर साढ़े बारह तक ही किया जाएगा।

——————————

इटावा लायन सफारी पार्क में भीषण गर्मी से वन्य जीवों को बचाव के लिए खास इंतज़ाम किए गए हैं। पार्क प्रबंधन ने गर्मी से जीवों को राहत देने के लिए एसी, कूलर और फूस के छप्पर लगाए हैं। इसके अलावा शेरों को गर्मी से राहत देने के लिए मिस्ट तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। लायन सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि मिस्ट तकनीक से तापमान को नियंत्रित कर शेरों को बीमार होने सा बचाया जा रहा है। बाइट.....

*हम लोग अपने गर्मियों को देखते हुए वो नाइट सेल में तो कूलर और खिड़कियों पे वो खस के तटिया लगवा देते हैं और दिन में जो कराल में जब हम लोग खोलते हैं तो वहाँ उन्होंने मिस्ट सिस्टम है पानी की बौछारें जो निकालता है। टुल्लु पंप के जरिए वो पानी की बौछार लगा के मिस्ट सिस्टम को हर कालों में लगा रखा है जिससे उनको गर्मी से राहत मिलती है।*

——————————

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। यह मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है।

(समाप्त)

प्रधानमंत्री–श्रद्धांजलि

शुभम द्विवेदी–अंतिम संस्कार–मुख्यमंत्री सांत्वना

सुरक्षा कार्य समिति बैठक–आतंकवाद

आतंकी हमला–विरोध प्रदर्शन

आतंकी हमला–सर्वदलीय बैठक

ब्रेक

सौर ऊर्जा–पर्यावरण संरक्षण

नई शिक्षा नीति

ओपन सरफेस पार्किंग–अयोध्या

मौसम–स्कूल

लायन सफारी

आईपीएल